# छत्तीसगढ़ नेशनल पार्क क्षेत्र में वन संसाधन मान्यता-पत्र देने वाला दूसरा राज्य

## चर्चा में क्यों?

25 मई, 2022 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जगदलपुर विधानसभा के मंगलपुर में आयोजित भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान वनवासियों को नेशनल पार्क क्षेत्र में वन संसाधन मान्यता-पत्र दिये जाने की घोषणा की।

## प्रमुख बिंदु

- ओडिशा के बाद छत्तीसगढ़ देश का दूसरा राज्य होगा, जो नेशनल पार्क क्षेत्र में वन संसाधन मान्यता-पत्र प्रदान करेगा।
- वन संसाधन मान्यता-पत्र मिलने से वनवासियों को रोज़गार के साथ-साथ आय के लिये अधिक-से-अधिक अवसर उपलब्ध होंगे।
- इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने निम्नलिखित अन्य घोषणाएँ भी कीं-
- कोटमसर क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु आदिवासी युवकों को 15 जिप्सी वाहन दिये जाएंगे।
- सुकमा के दोरनापाल, कूकनार और तोंगपाल में स्वामी आत्मानंद स्कूल आरंभ किये जाएंगे।
- कनकापाल से लेदा और जीरम से एलमनार तक सड़क बनाई जाएगी।
- मावलीपदर, नेतानार, पंडरीपानी और माड़पाल में आदर्श देवगुड़ी की स्थापना की जाएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chhattisgarh-the-second-state-to-give-forest-resource-accreditation-in-the-national-park-area